हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, रविवार, 22 जून 2025

## एक दिन में 22 ट्रेनों की जांच 1933 यात्री पकड़ाए

### 12.5 लाख से ज़्यादा का जुर्माना वसूला

**नागपुर.** रेलवे में बिना टिकट या गलत कोच में यात्रा करने वालों के लिए 19 जून का दिन भारी पड़ा। मध्य रेलवे द्वारा चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान में एक ही दिन में 22 ट्रेनों की सघन जांच की गई, जिसमें 1933 यात्रियों को नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़ा गया। इन यात्रियों से कुल 12,56,650 का जुर्माना वसूला गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस विशेष अभियान में कुल 86 अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम तैनात की गई थी। इसमें 80 टिकट निरीक्षक, 4 आरपीएफ जवान और 2 वाणिज्य निरीक्षक शामिल थे। टीम ने नागपुर, वर्धा, बल्लारशाह, आमला और बैतूल स्टेशनों से गुजरने वाली ट्रेनों में औचक जांच की। जिन ट्रेनों में यह कार्रवाई हुई, उनमें प्रमुख रूप से ट्रेन नंबर 12721 दक्षिण सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 12296 संघमित्रा एक्सप्रेस और 16031 अंडमान एक्सप्रेस शामिल रहीं।

# देश के सर्वांगीण विकास के ग्यारह वर्ष

### > नितिन गडकरी ने साक्षात्कार में प्रस्तुत किया विकास कार्यों का लेखा-जोखा

**नागपुर.**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार ने ग्यारह वर्षों में बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा आदि का बड़े पैमाने पर विकास किया है। सही मायने में इस देश के गरीबों, मजदूरों और किसानों के जीवन को समृद्ध बनाने के लिए हर कदम उठाया गया है। इन शब्दों में, सरकार ने पिछले ग्यारह वर्षों में देश के सर्वांगीण विकास की नींव रखी है, यह बात केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए कही।

भाजपा महानगर शाखा की ओर से कविवर्य सुरेश भट्ट सभागृह में नितिन गडकरी का खुला साक्षात्कार आयोजित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. उदय निरगुडकर ने एक के बाद एक अच्छे सवाल पूछकर साक्षात्कार का संचालन किया। भाजपा शहर अध्यक्ष दयाशंकर तिवारी ने परिचय दिया। जबकि विधायक संदीप जोशी ने डॉ. निरगुडकर का स्वागत किया। विष्णु चांगड़े ने संचालन किया। क्या आप विस्तार से बता सकते हैं कि पिछले ग्यारह वर्षों में किन पांच क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में काम हुआ है? यह सवाल गडकरी से पूछा गया था। इस पर उन्होंने कहा, 'देश को 1947 में आजादी मिली, उसके बाद कई वर्षों तक कांग्रेस सत्ता में रही। लेकिन कांग्रेस की नीतियों का परिणाम पूरे देश ने देखा।

इस बीच श्रद्धेय अटलजी के नेतृत्व वाली सरकार ने कई काम किये। और 2014 में सत्ता में आने के बाद एनडीए ने ग्यारह वर्षों में बड़ी मात्रा में काम किया है।' 'एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी हो गई है, रेलवे, हाईवे, सुरंग, पर्यटन, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा, सेवा हर क्षेत्र में विकास हुआ है। 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। उज्ज्वला योजना के तहत 11 करोड़ घरों में सिलेंडर उपलब्ध कराए गए हैं। आयुष्मान योजना, कृषि सिंचाई योजना, उद्योग आदि के माध्यम से भारत के विकास को नई दिशा मिली है और भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।'

उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि हमारा देश अगले पांच वर्षों में ऑटोमोबाइल उद्योग में प्रथम स्थान पर होगा। डॉ. निरगुडकर ने पूछा कि विकास की प्राथमिकता तय करते समय नागपुर, विदर्भ, महाराष्ट्र और देश को किस तरह प्राथमिकता दी जाती है। इस पर गडकरी ने कहा, 'नागपुर मेरी जन्मभूमि और कर्मभूमि है। यहां के लोग मेरा परिवार हैं। इसलिए नागपुर में विकास के बहुत सारे काम देखने को मिलेंगे। अब तक नागपुर शहर में 1 लाख करोड़ रुपये के काम हो चुके हैं। विदर्भ में दो क्षेत्रों सिंचाई और उद्योग के विकास के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। लेकिन साथ ही मैं पूरे देश के बारे में भी सोचता हूं। देश के किसी भी हिस्से के किसी भी नेता से, किसी भी पार्टी के नेता से पूछिए, वे संतुष्ट हैं। मैंने विकास कार्य करते समय कोई राजनीतिक भेदभाव नहीं किया है।' गढ़चिरोली और वाशिम के आकांक्षी जिलों के लिए क्या योजनाएं बनाई गई हैं? यह भी पूछा गया। इस पर गडकरी ने कहा, 'गढ़चिरोली में 7 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। मुझे पूरा विश्वास है कि अगले पांच साल में गढ़चिरौली महाराष्ट्र के सबसे उन्नत जिले के रूप में जाना जाएगा। वाशिम मेडिकल उपकरणों के निर्माण का केंद्र बनेगा। इसके लिए वाशिम जिले के तीन युवा विशाखापत्तनम से प्रशिक्षण के लिए आए हैं। इस परियोजना के शुरू होने पर वाशिम जिले के 3,000 युवाओं को सीधे रोजगार मिलेगा।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 'ऑपरेशन थंडर' के तहत हुई जनजागृति





**नागपुर.**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नागपुर शहर पुलिस आयुक्त रविंद्रकुमार सिंगल की संकल्पना से चलाए जा रहे "ऑपरेशन थंडर – एकत्र हो, नशामुक्त समाज बनाएं" अभियान के अंतर्गत अंमली पदार्थ विरोधी जनजागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। यह सप्ताह 20 जून से 26 जून 2025 तक सम्पूर्ण नागपुर शहर में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 21 जून को सुबह 6:45 बजे से 8:00 बजे तक धंतोली पुलिस थाना अंतर्गत यशवंत स्टेडियम में नागपुर महानगरपालिका के क्रीड़ा व सांस्कृतिक विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, विधायक प्रविण दटके, पूर्व महापौर दयाशंकर तिवारी शहर के पुलिस आयुक्त रविंद्रकुमार सिंगल, मनपा आयुक्त अभिजीत चौधरी सहित लगभग 5000 से 6000 नागरिकों ने भाग लिया। इनमें महिलाएं, पुरुष, स्कूली विद्यार्थी व छात्राएं शामिल थीं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस आयुक्त सिंगल की संकल्पना से संचालित 'ऑपरेशन थंडर' के अंतर्गत उपस्थित लोगों को नशामुक्त समाज निर्माण हेतु जागरूक किया गया।

इस मौके पर सभी उपस्थित जनसमूह को अंमली पदार्थ विरोधी सप्ताह के संदर्भ में नशामुक्त रहने की सामूहिक शपथ भी दिलाई गई। नागपुर शहर पुलिस का यह प्रयास समाज में नशा विरोधी संदेश फैलाने और युवाओं को जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# मेट्रो में नौकरी का झांसा देकर 5.80 लाख की ठगी

### > आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज

**नागपुर.**

शहर में धोखाधड़ी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. मेट्रो में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक महिला से 5 लाख 80 हजार रुपये की ठगी की गई है. इस मामले में धंतोली पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है. मिली जानकारी के अनुसार, उषा अपार्टमेंट, सुरेंद्र नगर, बजाजनगर निवासी वंदना मनोज इंगले (59) की मुलाकात धंतोली पुलिस थाना क्षेत्र में आरोपी प्रतिभा पाटिल (50, कुजीलाल पेठ, भगवान नगर निवासी से हुई थी. 1 नवंबर 2022 से 19 जून 2025 के बीच, आरोपी प्रतिभा पाटिल ने फरियादी वंदना इंगले को बताया कि उसके राजनीतिक लोगों से अच्छे संबंध हैं और वह उनके परिचित छात्रों को मेट्रो में नौकरी दिला सकती है. आरोपी ने इस तरह वंदना इंगले का विश्वास जीता और उनसे 5 लाख 80 हजार रुपये ले लिए. हालांकि, आरोपी ने न तो फिर्यादी के परिचित किसी भी बच्चे को नौकरी दिलवाई और न ही कोई भी पैसा वापस किया. इस मामले में, फिर्यादी वंदना इंगले द्वारा दी गई शिकायत की जांच के बाद, धंतोली पुलिस थाने में महिला रूपी के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज किया है. मामले की आगे की जांच जारी है.

# क्राइम ब्रांच ने एमडी पाउडर के साथ आरोपी को दबोचा, घातक हथियार बरामद

**नागपुर.**



शहर पुलिस आयुक्त रविंद्रकुमार सिंगल के निर्देश पर शहर में 'ऑपरेशन थंडर' जारी है। इस ऑपरेशन के तहत मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 19 जून को क्राइम ब्रांच यूनिट 5 के पुलिसकर्मियों ने सक्करदरा क्षेत्र में नौशाद शेख (33 वर्ष) नामक तस्कर के के घर छापा मारा। पुलिस को विश्वसनीय जानकारी मिली थी कि आरोपी के पास एमडी पावडर है। छापे के दौरान आरोपी के घर से 4.51 ग्राम एमडी पावडर, एक लोहे की चाकू और 1,030 रुपये नकद जब्त किए गए। इस कार्रवाई के दौरान एमडी सहित करीब 35590 रुपये का माल बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह एमडी पावडर अजनी रेलवे क्वॉर्टर के युगल नारखेडे से लेता था। आरोपी आर्थिक लाभ के लिए नशीले पदार्थों का कारोबार करता था और घातक हथियार रखकर किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहा था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर सक्करदरा पुलिस के हवाले किया गया। आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई को पुलिस उप आयुक्त (डिटेक्शन) राहुल माकणीकर और सहायक पुलिस आयुक्त अभिजीत पाटील के मार्गदर्शन में थानेदार संदीप बुआ, पुलिस उप निरीक्षक राहुल रोटे, पुलिस उप निरीक्षक शीतल फापाडे, पुलिस हवलदार अनीश खान, राजेंद्र टाकलीकर, रुपेश नानवटकर, कर्मचारी प्रवीण भगत, योगेश महाजन, देवचंद थोटे, विशाल नागभिड़े, दीपक बावनकर व अशीष पवार ने मिलकर अंजाम दिया।

# आरपीएफ ने दो लापता महिलाओं को किया रेस्क्यू



**नागपुर.** रेलवे सुरक्षा बल नागपुर ने "ऑपरेशन डिग्निटी" के तहत एक और सराहनीय कदम उठाते हुए दो लापता महिलाओं को सकुशल रेस्क्यू किया। यह कार्रवाई 19 जून 2025 को सुबह करीब 5 बजे नागपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर की गई, जब ये महिलाएं घबराई हुई अवस्था में इधर-उधर भटकती हुई मिलीं। गश्त के दौरान आरपीएफ के उपनिरीक्षक विजयपाल सिंह और उनकी टीम ने इन महिलाओं को संदेहास्पद स्थिति में देखकर उनसे पूछताछ की। सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें आरपीएफ पोस्ट लाया गया, जहां सहायक उपनिरीक्षक बी. के. सरपाटे द्वारा विस्तृत पूछताछ की गई। पूछताछ में महिलाओं ने बताया कि वे करीब 10 दिन पहले अपने घर से बिना बताए स्वयं निकल आई थीं। महिलाओं की पहचान की पुष्टि के बाद, आरपीएफ ने बालाघाट जिले के संबंधित पुलिस थानों से संपर्क किया। वहाँ से यह जानकारी प्राप्त हुई कि दोनों के लापता होने की रिपोर्ट पहले ही दर्ज की जा चुकी थी। इसके बाद बालाघाट पुलिस की एक टीम नागपुर पहुंची। दस्तावेजी कार्रवाई पूरी होने के बाद, आरपीएफ ने दोनों महिलाओं को बालाघाट पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आरपीएफ नागपुर की इस संवेदनशील, त्वरित और मानवीय कार्रवाई की सराहना की जा रही है। इस अभियान ने न केवल दो महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि रेलवे परिसर में नागरिकों की सुरक्षा के प्रति आरपीएफ की प्रतिबद्धता को भी उजागर किया है।

# कल मनाई जाएगी बाबा ताजुद्दीन की छब्बीसवीं

**नागपुर.**



हजरत बाबा सैयद मोहम्मद ताजुद्दीन रहमतुल्लाह अलैह की छब्बीसवीं शरीफ कल हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी. इस अवसर पर ताजबाग स्थित हजरत बाबा ताजुद्दीन की दरगाह में अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे. कल सुबह 8.30 बजे हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट कार्यालय में दस्तारबंदी की रस्म अदा की जाएगी. इसके पश्चात सुबह 9 बजे परचम कुशाई की रस्म पूरी की जाएगी. परचम कुशाई के बाद मुल्क में सुख-शांति के लिए दुआ मांगी जाएगी. इसके बाद सलातो सलाम पढ़ा जाएगा. छब्बीसवीं के मौके पर ट्रस्ट की ओर से दरगाह परिसर के लंगरखाने में लंगर वितरित किया जाएगा. शाम को दरगाह में शमा महफिल, कव्वाली, मिलाद शरीफ के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे. हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट के चेयरमैन प्यारे जिया खान, सचिव ताज अहमद राजा, उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र जिचकार, ट्रस्टी हाजी फारुखभाई बावला, गजेंद्रपाल सिंह लोहिया, मुस्तफा भाई टोपीवाला, हाजी इमरान खान ताजी ने सभी श्रद्धालुओं से छब्बीसवीं में शामिल होने की अपील की है.

# मुख्यमंत्री कप राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का धूमधाम से उद्घाटन

### महाराष्ट्र सरकार खिलाड़ियों को हरसंभव मदद देने के लिए प्रतिबद्ध : फडणवीस

**नागपुर.**



कुश्ती भारत में एक प्राचीन परंपरा है। वर्तमान में कुश्ती का स्वरूप बदल गया है। हम कुश्ती के खेल को और अधिक पेशेवर और ग्लैमरस बनाने के लिए संस्थाओं, फाउंडेशनों और कॉर्पोरेट क्षेत्र को जोड़ने का प्रयास करेंगे और खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय कोच लाने के साथ-साथ आवश्यक बुनियादी ढांचे को अपडेट करने के साथ ही महाराष्ट्र सरकार खिलाड़ियों को हर संभव मदद देने के लिए प्रतिबद्ध है, ऐसा मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा। मानकापुर के संभागीय खेल परिसर में नागपुर नगर निगम और शहर कुश्ती संघ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 15 वर्ष से कम आयु के लड़के और लड़कियों के लिए मुख्यमंत्री कुश्ती कप टूर्नामेंट 2025 का शनिवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्घाटन किया। वे इस अवसर पर बोल रहे थे। कार्यक्रम में वित्त और योजना राज्य मंत्री आशीष जैस्वाल, विधायक कृपाल तुमाने, शहर कुश्ती संघ के अध्यक्ष विधायक संदीप जोशी, भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, महाराष्ट्र कुश्ती संघ के अध्यक्ष रामदास तड़स, मनपा आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी, भारतीय कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष एस. पी. देसवाल, महाराष्ट्र कुश्ती संघ के कार्यकारी अध्यक्ष संदीप भोंडवे, विदर्भ कुश्ती संघ के कार्यकारी अध्यक्ष संजय\ तीरथकर, हिंदकेसरी योगेश दोडके, मनपा के अतिरिक्त आयुक्त अजय चरथंकर, मेडिकल स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपक सेलोकर, उपायुक्त विनोद जाधव, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. पीयूष अंबुलकर, आयोजन समिति के उपाध्यक्ष दयाराम भोतमांगे मुख्य रूप से उपस्थित थे। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सरकार कुश्ती प्रतियोगिता पर ध्यान देगी। मुख्यमंत्री ने खेल के महत्व और इसमें भाग लेने पर जोर दिया। कुश्ती छोटे-छोटे क्षेत्रों में भी खेली जाती है, यही भारत का अस्तित्व है। इसमें भाग लेने वाले बच्चों में खेल में भाग लेने से संघर्ष की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी हारने से नहीं डरते, बल्कि इससे फिर से संघर्ष करना सीखते हैं। उन्होंने कहा कि यह विचार खिलाड़ियों और समाज को एक सकारात्मक संदेश भी देता है। शहर के पहलवान संघ के अध्यक्ष विधायक संदीप जोशी ने कार्यक्रम की प्रस्तावना राखी और अनुरोध किया कि हमें नगर निगम की जमीन पर एक छोटा स्टेडियम बनाने की मंजूरी दी जाए।




# जल लिली से महिलाओं को रोजगार दिलाने की पहल

**नागपुर.**



महानगरपालिका के सामाजिक विकास विभाग ने झील में जलीय पौधों का उपयोग करके महिलाओं को रोजगार प्रदान करने की पहल के माध्यम से हस्तशिल्प उत्पादन शुरू किया है। प्रशिक्षु महिलाओं के पहले बैच का 45 दिवसीय प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। प्रशिक्षण केंद्र में महिलाओं ने विभिन्न वस्तुएं बनाई हैं।

इससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है। नागपुर महानगरपालिका के सामाजिक विकास विभाग के अंतर्गत पुनापुर स्थित कौशल विकास केंद्र में जल लिली से विभिन्न वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का पहला बैच पूरा हो चुका है।

मनपा आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी और अतिरिक्त आयुक्त वैष्णवी बी. के मार्गदर्शन में तथा सामाजिक विकास उपायुक्त डॉ. रंजना लाडे के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है तथा जल लिली से महिलाओं द्वारा हस्तशिल्प का काम शुरू किया गया है।

### 45 दिवसीय प्रशिक्षण के बाद हस्तशिल्प उत्पादन शुरू

**स्वरोजगार के लिए सहायता :** इस जल संयंत्र से विभिन्न वस्तुओं को बनाने का प्रशिक्षण महिलाओं को सशक्त बना रहा है और इस माध्यम से महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। यदि कुछ प्रशिक्षु स्वरोजगार बनने के इच्छुक हैं, तो सामाजिक विकास विभाग आवश्यक लाइसेंस जैसे उद्यम पंजीकरण, कलाकार कार्ड (वस्त्र मंत्रालय) , मास्टर कार्ड आदि प्राप्त करने में सहायता प्रदान करेगा । इसके अलावा सरकार की दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन , दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी , मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम , पीएम मुद्रा जैसी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

इसके अलावा परियोजना के माध्यम से उत्पादित उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है तथा उन्हें स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन

नगर निगम के सामाजिक विकास विभाग द्वारा पुनापुर पारडी में जल लिली से विभिन्न वस्तुएं बनाने के लिए एक कौशल विकास केंद्र स्थापित किया गया है। इस केंद्र में 2 मई 2025 से प्रशिक्षण शुरू हो गया है। वर्तमान में, इस केंद्र में अजय बहुउद्देशीय संगठन के माध्यम से कुल 100 महिलाओं को , लूम मशीनों के माध्यम से 50 महिलाओं को और रोलर मशीनों के माध्यम से 50 महिलाओं को जल लिली के प्रसंस्करण और जल लिली से वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के दौरान, प्रशिक्षु महिलाओं ने चाय कोस्टर, टोपी , हैंडबैग , फ़ाइल फ़ोल्डर्स , फलों की टोकरी , कंटेनर , छोटी टोकरियाँ , गोल कंटेनर , प्लांटर्स , मैट बॉक्स , पानी की बोतल बैग , योग मैट जैसे विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन किया है ।

# उत्साह से मनाया विश्व योग दिवस

**सावनेर.**





अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तहसील कार्यालय परिसर, सावनेर में "योग परिवार", "महिला पतंजली" तथा "महाराष्ट्र योग शिक्षक संघ" के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस को योग के शारीरिक और मानसिक लाभों से अवगत कराना था। इस आयोजन का संचालन पतंजलि योग पीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित प्रमुख योग शिक्षक किशोर ढुंढेले ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में महिला पतंजली की तालुका प्रभारी लता ढवळे और सह प्रभारी सुनीता पाल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सरकार द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सभी उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। योग शिक्षक सुनीता पाल ने योग के नियमित अभ्यास से मिलने वाले शारीरिक और मानसिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "एक दिन योग करके लाभ नहीं मिलेगा, योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। नियमित अभ्यास से हम और हमारा परिवार स्वस्थ रहेंगे, और नकारात्मक विचारों से दूरी बनी रहेगी।" इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योग, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम और ध्यान का अभ्यास किया। आयोजन को सफल बनाने में रमेश दळवी, शैलेश बांबल, अशोक आठवले, दिलीप देशमुख, कविता पीसे, सीमा सरोदे, सुमन तभाने, और अन्य कार्यकर्ताओं ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योग साधकों, माताओं, बहनों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर विश्व योग दिवस को उत्साहपूर्वक और अनुशासित तरीके से मनाया। यह आयोजन सावनेर क्षेत्र में योग जागरूकता की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम साबित हुआ।

# लायंस क्लब कामठी सेंट्रल की नई कार्यकारिणी घोषित

**कामठी.**







लायंस क्लब कामठी सेंट्रल ने वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारी समिति का चुनाव कर लिया है। लायन प्रवीण हांडा अध्यक्ष, लायन अजय कुमार श्रीवास्तव सचिव और लायन प्रेमेंद्र वाही कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। लायन सुरेंद्र भूटानी, लायन हरप्रीत सिंह जौहर और लायन राजेश शर्मा क्रमशः उपाध्यक्ष होंगे। पदस्थापन समारोह रविवार 22 जून को लायन विलास साखरे, एमजेएफ, प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, डिस्ट्रिक्ट

## नई टीम का पदस्थापन

3234H1 के कर कमलों द्वारा संपन्न होगा। रीजन चेयरपर्सन लायन आशीष वंजारी एमजेएफ, नए सदस्यों को शामिल करेंगे। ज़ोन चेयरपर्सन लायन विनय उदेशी नई टीम को अपना शुभकामनाएं देंगे। नई कार्यकारी समिति में लायन बृजेश शुक्ला, संयुक्त सचिव, शंकर ओझा, संयुक्त कोषाध्यक्ष, सुनंदा कुर्वे, पीआरओ, वीरेंद्र कलंत्री, टेमर, भरत चलानी, टेल ट्विस्टर और हर्ष वाहल क्लब प्रशासक के रूप में शामिल हैं। लायन विलास कारलेकर सोशल मीडिया का कार्यभार संभालेंगे।

# स्मार्ट मीटर थोपने के विरोध में राकांपा का विरोध प्रदर्शन

## बिजली विभाग को सौंपा गया ज्ञापन

**काटोल/कोंढाली.**



महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी (महावितरण) द्वारा काटोल तालुका समेत जिलेभर में आम उपभोक्ताओं पर स्मार्ट बिजली मीटर लगाने का दबाव बढ़ाने के विरोध में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार गुट) ने शुक्रवार को बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए कड़ा विरोध जताया। पार्टी पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि स्मार्ट मीटर लगाने की जबरदस्ती नहीं रोकी गई, तो जोरदार जनआंदोलन किया जाएगा।तालुका अध्यक्ष अनूप खराडे, शहर अध्यक्ष गणेशराव चन्ने और अन्य प्रमुख पदाधिकारियों ने यह ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री और बिजली मंत्री द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाने की बात कही गई थी, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही महावितरण ने फिर से मीटर थोपने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

प्रमुख आपत्तिया:स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली बिल डेढ़ गुना बढ़ रहा है। उपभोक्ताओं की सहमति के बिना मीटर लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर में प्रीपेड सिस्टम होने से गरीब उपभोक्ताओं को बिना जानकारी के बिजली कटने की स्थिति से गुजरना पड़ सकता है। महावितरण द्वारा एक निजी कंपनी को यह कार्य सौंपा गया है, जो क्षेत्र के गरीबों पर जबरदस्ती मीटर थोप रही है।

राकांपा (शरद पवार गुट) ने स्पष्ट रूप से कहा कि बिजली उपभोक्ताओं के अधिकारों की अनदेखी और जबरदस्ती मीटर लगाने की प्रक्रिया को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि जल्द ही यह अभियान बंद नहीं किया गया, तो जिलेभर में उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस ज्ञापन के दौरान अजय लाडसे, अमोल रेवतकर, सतीश पुंजे, हरीश राठोड, सरपंच कोठे समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।




# 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह संपन्न

**सावनेर.**

आर्ट ऑफ लिविंग परिवार सावनेर, विद्या प्रसारक मंडल सावनेर द्वारा संचालित जवाहर कन्या विद्यालय सावनेर और जवाहर विद्यालय वाकोडी और मुख्याध्यापक फेडरेशन सावनेर द्वारा जवाहर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया.

इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग सावनेर के योग प्रशिक्षक मदन डहाके ने योग दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योग और प्राणायाम में भाग लेने वालो को योग दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि नियमित योग अभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है।

इस अवसर पर विद्या प्रसारक मंडल सावनेर के अध्यक्ष मा. विजयराव डहाके, सचिव माननीय. नरेंद्रराव डहाके, सदस्य यशपाल डहाके एनसीसी (एएनओ) सोनाली डहाके, आर्ट ऑफ लिविंग परिवार सावनेर के स्वयंसेवक विजय ठाकरे, लीलाधर महाजन, निसर्ग पवार, अँड्. अभिषेक मुलमुले,अँड्. मनोज खंगारे, डॉ. नितिन पोटोडे, राजू पटेल, मुरलीधर किनकर,जवाहर कन्या विद्यालय की प्रधानाध्यापिका, सो सरोज अटालकर, प्रधान शिक्षक संघ सावनेर के पदाधिकारी गजानन कुरवाड़े, किशोर चौधरी, जवाहर कन्या विद्यालय सावनेर और जवाहर विद्यालय वाकोड़ी के गैर-शिक्षण कर्मचारी, एनसीसी के विद्यार्थी, सावनेर शहर के गणमान्य नागरिक, भुषण कुबडे,तेजस कुबिटकर, राहुलजी आदि उपस्थित थे।

आयोजन का शुभारंभ मा.ए.एस सरदार न्यायाधीश वरिष्ठ स्तर, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विजय धोटे, सावनेर तालुका मराठी पत्रकार संघके कार्याध्यक्ष दिपक कटारे आदी मान्यवरोके हाथो दिपप्रज्वलन कर कीया गया. समारोह का संचालन सुनंदा रड़के ने तो आभार श्रीकांत चकोले ने माना.

# अज्ञात वाहन की टक्कर से भालू की मौत

**कोंढाली.**



अमरावती राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोंढाली से नौ किलोमीटर दूर जूनापानी गांव के पास 21 जून के तडके चार से पांच बजे के दरमियान राजमार्ग पार करते समय लगभग 10 से 11 साल के भालू को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

इस अज्ञात वाहन के जबरदस्त टक्कर से भालू की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलने पर कोंढाली वन परिक्षेत्र अधिकारी निशिकांत कापगते अपने स्टाफ वनपाल आर एम सूर्यवंशी, वनरक्षक किशोर चन्ने, वनरक्षक नयना मेश्राम वनकर्मी किशोर कुसलकर, पुंडलिक सरोदे के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

कहा जाता है कि यह घटना 21 जून की सुबह 4- 5 बजे के आसपास हुई होगी। वन परिक्षेत्र अधिकारी कोंढाली तथा वन कर्मचारीयोंने ने घटनास्थल पंचनामा किया और ग्रामीणों के सहयोग से मृत भालू को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। कोंढाली वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा आगे की जांच की जा रही है। जब यह घटना हुई, तब भालू बहुतेक बोर अभयारण्य से अहमदनगर उपवनत क्षेत्र की ओर जाने वाले खपरी बरोकर वन क्षेत्र से गुजरते हुए राजमार्ग पार कर रहा था।

# 50 साल पुराने पेड़ के गिरने से परिसर क्षतिग्रस्त

## > सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई

**वाडी.**



अमरावती महामार्ग स्थित प.पू. डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती उत्सव तथा स्मारक समिति परिसर में स्थित एक 50 साल पुराने पीपल के पेड़ की विशाल शाखा शनिवार दोपहर करीब 3 बजे अचानक टूटकर गिर गई। इस घटना से परिसर का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और आसपास के नागरिकों में हड़कंप मच गया। सौभाग्य से घटना के समय परिसर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।ज्ञात हो कि वाडी स्थित अमरावती महामार्ग पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती उत्सव तथा स्मारक समिति के परिसर में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, तथागत गौतम बुद्ध और सम्राट अशोक की भव्य प्रतिमाएं स्थापित हैं। यह स्थल राज्य सरकार के 'क' श्रेणी तीर्थस्थलों में शामिल है, जहां वर्षभर सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। परिसर का सौंदर्यीकरण भी किया गया है, जिसके चलते सुबह और शाम के समय बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे यहां आते हैं।शनिवार दोपहर को परिसर में स्थित 50 साल पुराने पीपल के पेड़ की एक जर्जर शाखा अचानक गिर गई, जिससे परिसर के मध्य में बना गोल चबूतरा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की आवाज सुनते ही आसपास के नागरिक मौके पर पहुंचे।घटना की जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता राकेश मिश्रा ने नगर परिषद को दी। सूचना मिलते ही नगर परिषद के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और गिरी हुई शाखा को हटाकर परिसर की साफ-सफाई की।समिति के अध्यक्ष दिनेश बंसोड और कोषाध्यक्ष मनोज भांगे ने बताया कि पेड़ की अन्य शाखाएं भी मूर्तियों और मार्ग के ऊपर फैली हुई हैं, जो भविष्य में खतरा बन सकती हैं। इसलिए संबंधित शाखाओं को काटने हेतु नगर परिषद को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# लाखोटीया भुतडा सीबीएसई स्कूलों में मनाया योग दिवस

**कोंढाली.**



लाखोटीया भुतडा सीबीएसई हायस्कूल में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया। इस मौके पर सीबीएसई हायस्कूल के प्राचार्य आशुतोष केदार पवार के प्रमुखता में तथा योग प्रशिक्षक अशोक कड़ू तथा योग प्रशिक्षिका शोभना तथा स्वेता देशभ्रतार के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया. इस अवसर पर योग प्रशिक्षक ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को बताया की योग दिवस संपुर्ण दुनिया में मनाया जाता है. योग के विषय पर जानकारी देते समय बताया की` जो स्वास्थ्य और खुशी को बेहतर बनाने के लिए श्वास तकनीक, व्यायाम और ध्यान का उपयोग करता है। योग का महत्व तथा आयोजन का भी महत्त्व समझाया,यहा के सीबीएसई हायस्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सुबह से सामूहिक योग प्रदर्शन संगीत, नृत्य या कोई अन्य कला एकीकृत योग कार्यक्रम प्रतियोगिताएं और अन्य गतिविधि,जो स्कूल में जागरूकता पैदा करने के लिए सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त है .इसका आयोजन किया गया था. प्राचार्य आशुतोष केदार पवार, उप प्राचार्य योगेश चौधरी, खेल प्रशिक्षक आकिब खान, प्रसाद कड़ू तथा उपस्थित शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारीयों विषेश सहयोग से योग दिवस का सफल आयोजन संपन्न हुआ. इस आयोजन का संचलन प्रिती कालबांडे तथा आभार रंजना बोरकर ने माना.



मासोद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आशिष तायवाडे, सरपंच रंजू प्रकाश बारंगे, उपसरपंच रूपराव गोंडाने तथा उपस्थित बालकों महिला पुरूषों के उपस्थितीमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में योग दिवस मनाया गया.

# कारंजा न्यायालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**कारंजा (घाडगे).**



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को कारंजा न्यायालय परिसर में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायालय की न्यायमूर्ति डी.डी.विघ्ने ने भी स्वयं भाग लेकर योग किया और उपस्थितों को प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में न्यायालय के सहायक अधीक्षक एस. एच. गजभिये, अन्य न्यायिक कर्मचारी, तथा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रकाश धारपुरे, सचिव अधिवक्ता डी. एम. धांदे, अधिवक्ता रुपेश मस्के, कौस्तुभ टोपले, किरण कठाने (नासरे), केशरी मस्के सहित अनेक अधिवक्ता और न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक राजू पालीवाल ने योग के महत्व को विस्तार से समझाया। उनके साथ प्रशिक्षिका भारती पालीवाल, रजनी धांदे और उपाध्ये भी मंच पर मौजूद रहीं। सभी उपस्थितों ने एक साथ योगाभ्यास कर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्नेहल बागडे, सुरज चापले, मोरेश्वर ठाकरे, ऋषिकेश देशमुख, मंगेश भोकटे, एस. आई. कुरेशी, प्रणिता चव्हाण और गजानन गदरे सहित कई न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस आयोजन ने सभी को योग की महत्ता और नियमित अभ्यास की प्रेरणा दी।

# लाव्हा ग्रामपंचायत में योग अभ्यास कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न

**वाड़ी.**





अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लाव्हा ग्रामपंचायत द्वारा आयोजित योग अभ्यास कार्यक्रम उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन ग्रामपंचायत की सरपंच जोत्सनाताई सुजित नितनवरे की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें ग्रामपंचायत पदाधिकारी, ग्रामवासी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कई लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद सदस्य सुजित नितनवरे, किरण ढोणे, साधना हाडके, स्वाती नितनवरे सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। योग सत्र का कुशल मार्गदर्शन योग प्रशिक्षक शीव शाहू, राकेश चिल्लोरे, अशोक गांधी, मुंकुदराज खोब्रागडे, सोनल सिंघवी, मनीषा चांडक, शील्पा सारडा, लक्ष्मी शाहू और चंदा बारई (नागपुर) द्वारा किया गया।

प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विविध योगासनों का अभ्यास करवाया और उनके लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को भी कम करता है, जिससे समग्र स्वास्थ्य में सुधार होता है।

इस कार्यक्रम में आशा वर्कर्स और आंगनवाड़ी सेविकाओं की भी विशेष उपस्थिति रही। ग्राम की महिलाओं और पुरुषों ने बड़ी संख्या में योग सत्र में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था. गांव-गांव तक योग के महत्व को पहुंचाना और लोगों को यह संदेश देना कि स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है।

# ग्राम पंचायत चिचोली (खा.) में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**खापरखेड़ा.**



ग्राम पंचायत चिचोली (खा.) में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों ने योग का महत्व बताते हुए प्रत्यक्ष प्रदर्शन के माध्यम से मार्गदर्शन किया।कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रूप में शुभम गायकवाड़, दीपिका खोब्रागड़े, आशा बांते और कविता सोनटक्के उपस्थित थे। उन्होंने योग के स्वास्थ्यवर्धक लाभों को रेखांकित करते हुए नागरिकों से नियमित योगाभ्यास करने का आग्रह किया।इस आयोजन में बच्चों की भागीदारी विशेष रूप से सराहनीय रही। उन्नती बोसकर, नकुल बर्मन, आदित्य रेवतकर और आराध्या कडोशिया ने आकर्षक योगासन और जुडो का प्रदर्शन कर उपस्थितजनों की वाहवाही लूटी। सभी प्रतिभागियों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन ग्राम पंचायत सदस्य अजय सहारे ने किया। इस अवसर पर सरपंच मिनाक्षी किरण तागड़े, उपसरपंच हेमराजसिंह परिहार, पूर्व उपसभापति चंद्रशेखर पानतावने, ग्राम पंचायत सदस्य हेमलता पानतावने, श्वेता पारवे, संगीता सिंघम, पूर्व सदस्य प्रभाताई तागड़े, ग्राम पंचायत अधिकारी पंकज डांगट तथा कर्मचारी धीरज पौनिकर, रमेश चापले, नरेंद्र डवरे, मुकेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। पूरा कार्यक्रम ग्राम पंचायत की पहल और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ग्रामवासियों ने योग को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए समय की आवश्यकता बताते हुए इसे जीवनशैली में अपनाने की बात कही।

# भारतीय वायुसेना का ड्रैगन पैलेस टेंपल कैंपस में योग कार्यक्रम

**कामठी.**



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, हर साल 21 जून को मनाया जाता है, और इस अवसर पर भारतीय वायुसेना ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने ड्रैगन पैलेस टेंपल कैंपस में एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में वायुसेना के कर्मियों ने योग के विभिन्न आसन और प्राणायाम का अभ्यास किया, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के महत्व पर जोर देता है।

यह आयोजन 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' की वैश्विक थीम के अनुरूप था, जिसका उद्देश्य योग के माध्यम से वैश्विक सद्भाव और शांति को बढ़ावा देना है। भारतीय वायुसेना के इस कार्यक्रम ने न केवल अपने कर्मियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया, बल्कि समाज में भी योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने में योगदान दिया।

CMYK

# फर्जी दस्तावेज घोटाला उजागर

## > जे.पी. इंटरप्राइजेज 1 साल के लिए ब्लैक लिस्टेड!

## > टेंडर घोटाले पर लोक निर्माण विभाग की बड़ी कार्रवाई

**वर्धा.**

लोक निर्माण विभाग ने 20 जून को एक सनसनीखेज फैसला लेते हुए मुंबई की चर्चित ठेकेदार कंपनी जे.पी. इंटरप्राइजेज को ब्लैक लिस्ट कर दिया है। आरोप है कि कंपनी ने वर्धा जिले के तलेगांव (टालाटुले) से एकुर्ली तक सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण के टेंडर के लिए फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए थे। कंपनी ने दावा किया था कि बुटीबोरी स्थित एमआईडीसी के प्लांट नंबर 17डी में उसका खुद का आरएमसी प्लांट है.

जो कार्यस्थल से 60 किमी की निर्धारित सीमा में आता है। लेकिन जांच में पता चला कि इस लोकेशन पर कंपनी का कोई स्वामित्व ही नहीं है। 500 रुपये के स्टाम्प पेपर पर फर्जी शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया था कि सभी जानकारी सत्य है।

बाद में जब विभागीय अधिकारियों ने प्लांट का दौरा किया, तब सच्चाई सामने आई। नागपुर जिले के विहिरगांव स्थित एक प्लांट का झूठा प्रमाणपत्र लगाया गया, जबकि वह तय दूरी से बाहर था। जांच के बाद विभाग के मुख्य अभियंता दिनेश नंदनवार ने सचिवालय को रिपोर्ट भेजी और कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की सिफारिश की।

अवर सचिव (भवन) दीपाली घोरपड़े के हस्ताक्षर से 18 जून को ठेकेदार के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई का आदेश जारी किया गया। सरकारी पत्र जारी होने की तारीख से जे.पी. इंटरप्राइजेज कंपनी 1 वर्ष तक किसी भी शासकीय निर्माण कार्य की निविदा में भाग नहीं ले सकेगी।

सूत्रों के अनुसार,इस मामले को ओर फर्जीवाड़ा उजागर करने में वर्धा के कार्यकारी अभियंता सतीश अंभोरे इन्होंने अहम भूमिका निभाई.

साथ ही वर्धा जिले में माया तिवारी नामक स्थानीय ठेकेदार ने इस टेंडर में भी अहम भूमिका निभाई और कथित रूप से जनप्रतिनिधियों व सरकारी अधिकारियों को भी गुमराह किया।




### कार्यकारी अभियंता सतीश अंभोरे ने की पुष्टि

'कंपनी को पर्याप्त समय दिया गया था अपना पक्ष रखने के लिए, लेकिन वह कोई ठोस सबूत पेश नहीं कर सकी। इसके विपरीत, विभाग व मंत्रालय को गुमराह करने की कोशिश की गई। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई ज़रूरी है," ऐसा कार्यकारी अभियंता सतीश अंभोरे ने स्पष्ट किया। इस घोटाले ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया है कि सरकारी परियोजनाओं में पारदर्शिता की सख्त ज़रूरत है। फर्जी दस्तावेजों के सहारे ठेके हासिल करने वाली कंपनियों पर अब सरकार की नजर टेढ़ी हो गई है। जे.पी. इंटरप्राइजेज का यह काला अध्याय अन्य ठेकेदारों के लिए चेतावनी है!

# जीवनरक्षक फाउंडेशन के मूक प्राणियों ने वन ऋषि को श्रद्धांजलि दी!

**हिंगनघाट.**



प्रसिद्ध पर्यावरणविद्, लेखक और 'वन ऋषि' के नाम से प्रसिद्ध पद्मश्री मारुति चितमपल्ली को जीवन रक्षक फाउंडेशन रेस्क्यू सेंटर, हिंगनघाट में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में वन्यजीव रक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, तथा पर्यावरण प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। चितमपल्ली का 18 जून को 65 वर्ष की आयु में निधन हुआ था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश वाखरे ने की, जिन्होंने दिवंगत चितमपल्ली के जीवन, उनके साहित्य और जंगलों से उनके आत्मीय संबंध पर प्रकाश डाला।

संचालन गोपाल मांडवकर ने किया और आभार प्रदर्शन नितिन क्षीरसागर ने किया। कार्यक्रम में राकेश झाडे, दीपक जोशी, शुभम घोडे, मोहन पेरकुंडे और प्रशांत वैद्य सहित अन्य वन्यजीव प्रेमी उपस्थित रहे।

भावुक कर देने वाला क्षण तब आया जब रेस्क्यू सेंटर में रहने वाले कुत्ते और बिल्लिया भी शांत बैठकर अपनी मौन श्रद्धांजलि अर्पित करते नज़र आए।

# गांजा ले जा रहे दो लोग गिरफ्तार

## > शेडगांव चौराहे पर की गई कार्रवाई

**समुद्रपुर.**



समुद्रपुर तालुका में नागपुर-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 पर शेडगांव चौराहे पर स्थानीय अपराध शाखा वर्धा की टीम ने गांजा बेचने के लिए ले जा रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर. उनके कब्जे से 1 लाख 29 हजार 680 रुपए का माल जब्त किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 जून को शाम करीब 6 बजे स्थानीय अपराध शाखा की वर्धा टीम गश्त कर रही थी, तभी उन्हें गुप्त सूचना मिली कि नागपुर से समुद्रपुर में गांजा बेचने के लिए ले जाया जा रहा है। टीम ने समुद्रपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर शेडगांव चौराहे पर नाकाबंदी की और वाहनों की जांच की।

मोपेड क्रमांक एमएच 49 ए.वाई. 5246 की तलाशी ली तो उसमें 39,680 रुपए कीमत का 1.984 किलोग्राम गांजा मिला। इस समय पुलिस ने मोहम्मद सरफराज अख्तर अब्दुल सत्तार अंसारी, उम्र 38, पीली नदी टीपू सुल्तान चौक, मतीन किरने यशोधरा नगर, नागपुर के पास रहने वाले और शकील बाबा खान, उम्र 48, शीतला माता मंदिर यशोधरा नगर, वांजी ले-आउट, नागपुर के पास रहने वाले को अंमली पदार्थ जाते हुए रंगे हाथों पकड़ा।

इस समय उनके पास से 39,680 रुपये का गांजा, एक मोपेड मोबाइल फोन कुल 1,29,680 रुपये जब्त किया गया। दोनों को गिरफ्तार कर जब्त माल और आरोपियों को समुद्रपुर पुलिस को सौंप दिया गया।

यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवड़े के निर्देशानुसार स्थानीय अपराध शाखा वर्धा के पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक सलाम कुरैशी, पुलिस कर्मी मनोज धात्रक, अरविंद येनूरकर, रोशन निंबोलकर, महादेव सानप, रवि पुरोहित, अक्षय राऊत, विनोद कापसे, अभिषेक नाईक ने की तथा आगे की जांच समुद्रपुर पुलिस थाने के थानेदार रविद्र रेवतकर द्वारा की जा रही है।

# मोहगांव और आंगनवाड़ी केंद्र में योग दिवस समारोह

## > युवा छोटे बच्चों ने सीखे योग के गुण

**समुद्रपुर.**



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत मोहगांव और आंगनवाड़ी केंद्र के संयुक्त आयोजन में एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आंगनवाड़ी परिसर में संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता सरपंच विलास नवघरे ने की।इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता छायाताई औरके, बचत गट की संयोजिका संगीताई लाटनकर, और अन्य प्रमुख मार्गदर्शक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी की कार्यकर्ता छाया औरके ने बच्चों को सरल भाषा में योग का महत्व, योग करने के लाभ, और योग न करने पर होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी।

उन्होंने बच्चों को समझाया कि योग से मन, शरीर, आत्मा और बुद्धि सभी स्वस्थ रहते हैं, और यह स्वस्थ जीवनशैली की नींव है। साथ ही उन्होंने यह भी सलाह दी कि किसी को भी नशे की लत से दूर रहना चाहिए, क्योंकि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार को प्रभावित करता है। इस अवसर पर छोटी छात्राओं ने योग का प्रदर्शन किया और विभिन्न योगासन सीखे। कार्यक्रम में अनुप निस्ताने, अतुल वांढरे, मदतीनीस भगत, साथ ही बच्चों के अभिभावकगण भी उपस्थित थे, जिन्होंने योग के इस सामाजिक और शैक्षिक पहल को सराहा। कार्यक्रम का उद्देश्य था. छोटे बच्चों में योग के प्रति जागरूकता पैदा करना और उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाना।

# सेंट जॉन्स हाईस्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**हिंगनघाट.**




स्थानीय सेंट जॉन हाई स्कूल में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक प्राणायाम और योगासनों के अभ्यास से हुई। योग सत्र का नेतृत्व योग शिक्षक विशाल कस्तूरे और खेल शिक्षिका सुनंदा नरूले ने किया। दोनों ने विद्यार्थियों को विविध आसनों का अभ्यास करवाते हुए उनके शारीरिक व मानसिक लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर प्रीति जॉर्ज ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य, योग यह संदेश केवल एक नारा नहीं, बल्कि हमारे जीवन की दिशा है। योग से न केवल शरीर बल्कि मन भी स्वस्थ रहता है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में उप-प्राचार्य सिस्टर शांति, शिक्षकगण और गैर-शिक्षण स्टाफ ने विशेष प्रयास किए। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर योग के महत्व को समझा और उसे अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। विद्यालय में इस आयोजन के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में एक सकारात्मक संदेश दिया गया.

# आरंभा टोल नाका क्षेत्र में नाले से मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**समुद्रपुर.**

तालुका के आरंभा टोल नाका शेट शिवारा में स्थित किसान विनायक कुकड़े के खेत में बने नाले में शुक्रवार शाम एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की उम्र लगभग 50 से 55 वर्ष बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही समुद्रपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। मृतक ने काले रंग की फुल पैंट और लाल-सफेद रंग की हाफ शर्ट पहन रखी थी। उसकी बाएं हाथ की छोटी उंगली नहीं थी, और बाएं पंजे पर पुराना चोट का निशान भी मौजूद था। पुलिस ने बताया कि शव कई दिन पुराना हो सकता है और पानी में रहने के कारण उसकी हालत गंभीर रूप से क्षत-विक्षत हो चुकी थी। फिलहाल समुद्रपुर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है। समुद्रपुर थानेदार रविन्द्र रेवतकर एवं राहुल मानकर ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को इस व्यक्ति के बारे में जानकारी हो, या उक्त हुलिए से कोई पहचानता हो, तो कृपया समुद्रपुर पुलिस स्टेशन से संपर्क करें,

# सेंट थॉमस इंग्लिश स्कूल में मनाया गया विश्व योग दिवस

## > स्वास्थ्य ही मानव संपदा है - मोहन मोहिते

**बोरगाव मेघे.**

हजारों वर्ष पूर्व भारतीय संस्कृति में हमारे ऋषि-मुनियों ने हमारे स्वास्थ्य को अच्छा एवं निरोगी रखने के लिए योग को हमारे दैनिक जीवन का अंग बनाया था। स्वस्थ जीवन के लिए योग व्यक्ति की शारीरिक एवं मानसिक शक्ति, रोग प्रतिरोधक क्षमता, शरीर का लचीलापन एवं सकारात्मक विचारों को बढ़ाने में सहायक होता है, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है। देश को सशक्त, सशक्त, स्वस्थ एवं सक्षम बनाने के लिए योग आवश्यक है। स्वास्थ्य ही मानव संपदा है, ऐसा कहना है वरिष्ठ समाजसेवी एवं गोदावरी शिक्षण संस्था के अध्यक्ष मोहन मोहिते का। वे विश्व योग दिवस के अवसर पर बोरगाव (मेघे) स्थित सत्येश्वर हॉल में सेंट थॉमस इंग्लिश स्कूल एवं जूनियर कॉलेज द्वारा आयोजित योग शिविर के अध्यक्ष के रूप में बोल रहे थे।

शिविर के उद्घाटन अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य प्रीति सत्यम मुख्य अतिथि तथा निदेशक विजय सत्यम मुख्य अतिथि थे साथ ही योग शिक्षिका राजश्री होलगरे, अरुणा नागोसे, माधुरी महाजन, अर्चना राउत आदि उपस्थित थे। अपने उद्घाटन अवसर पर प्रीति सत्यम ने कहा कि भारत ऋषियों-मुनियों की पवित्र भूमि है। योग शरीर की मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक इंद्रियों को सशक्त बनाने के लिए एक सरल और सहज क्रिया है और अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए सभी को योग करना चाहिए। इस 7 दिवसीय शिविर का संचालन विद्यालय के शिक्षक संदीप जोशी सर ने किया। कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा संत ने किया तथा आभार ज्ञापन रुचि तिवारी ने किया। इस कार्यक्रम के लिए वेदांत सत्यम, संचाली भालमे, अश्विनी गुरुनुले, रिजवाना शेख, इंद्रपाल जोगे, देवीदास लोखंडे, वंदना, शोभा कुकड़े, लता देशमुख ने विशेष प्रयास किए।

# हिंदी विश्वविद्यालय में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## > योग को बनाएं जीवनशैली का अभिन्न अंग : कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा

**वर्धा.**



महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में शनिवार को ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

प्रातः 7 बजे से विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद क्रीडांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि "योग को केवल व्यायाम न मानें, इसे अपनी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाएं।

यह शरीर, मन, आत्मा और प्रकृति के बीच समन्वय का माध्यम है। उन्होंने योग दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की चर्चा करते हुए बताया कि 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसका प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था, जिसे 175 देशों का समर्थन मिला। तब से आज तक यह दिवस वैश्विक स्तर पर मनाया जा रहा है।

इस वर्ष की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" रही, जो भारतीय दर्शन के "वसुधैव कुटुंबकम्" के विचार को सशक्त करती है।मंच पर प्रमुख जिला व सत्र न्यायाधीश संजय जे. भारुका, वरिष्ठ दिवानी न्यायाधीश एवं जिला विधि सेवा प्राधिकरण सचिव विवेक देशमुख, तथा विश्वविद्यालय के वित्ताधिकारी पी. सरदार सिंह भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम संयोजक और शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा समिति के अध्यक्ष प्रो. आनन्द पाटील ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि "योग मन, बुद्धि और शरीर के एकीकरण का मार्ग है। संत गाडगेबाबा अमरावती विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर आदित्य पुंड, योग प्रशिक्षक वैभवी प्रमोद पोटे और प्रताप धुमाले के मार्गदर्शन में योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा बर्गट ने किया जबकि सह-संयोजक डॉ. अनिकेत आंबेकर ने आभार प्रदर्शन किया. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। साथ ही विश्वविद्यालय के प्रयागराज क्षेत्रीय केंद्र में भी प्रो. अखिलेश कुमार दुबे की अध्यक्षता में योग दिवस मनाया गया, जिसमें वहाँ के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल हुए।

# इंझाला गांव से प्रयागराज मंडी में भेजे 8 टन केले

**वर्धा.**

हिंगनघाट तहसील के इंझाला गांव से पहली बार 8 टन से अधिक केले उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की प्रमुख फल मंडी में भेजे गए है । यह उपक्रम आईआईटी मद्रास के छात्र और युवा किसान अभिजीत रवीश सरोदे द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया है। इस ऐतिहासिक पहल को हिंगनघाट तहसील की पहली बड़ी अंतर्राज्यीय केले आपूर्ति के रूप में देखा जा रहा है, जिस पर पूरे जिले को गर्व है।

अभिजीत ने पारंपरिक खेती की सीमाओं से आगे बढ़ते हुए वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग किया और उत्तम गुणवत्ता की केलें का उत्पादन किया। इस सफलता का श्रेय उचित फसल नियोजन, समय पर उर्वरक और सिंचाई प्रबंधन, और बाजार की गहन समझ को जाता है।

इस सफर में उन्हें 'केळी रत्न' कुंदन वाघमारे और प्रकाश सिंह बैस जैसे अनुभवी विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिसकी बदौलत उन्होंने केलें उत्पादन में कई नवाचार किए। यह प्रयास यह सिद्ध करता है कि यदि युवाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण और मार्गदर्शन मिले, तो वे गाव में रहकर भी लाभदायक खेती कर सकते हैं और शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन करने की आवश्यकता नहीं है। इस कार्य में अभिजीत को उनकी माता मीनाक्षी रविश सरोदे, भाई श्याम सरोदे, सहयोगी अंकुश सायंकार और श्याम बोरकर का विशेष सहयोग मिला।

उनकी यह पहल इंझाला व आसपास के क्षेत्रों के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रही है। उन्होंने अपील की है कि अन्य युवा किसान भी नवीन पद्धतियों के साथ खेती में आगे आएं और अपने उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त करें।

# क्षय रोगियों को वितरित की पौष्टिक आहार किट

## > नि:क्षय मित्र अभियान को मिली नई ऊर्जा

**हिंगनघाट.**



प्रधानमंत्री के 'क्षय रोग मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत क्षय रोग (टी. बी.) से पीड़ित मरीजों को सहयोग देने हेतु इनरव्हील क्लब, हिंगनघाट ने एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल करते हुए रोगियों को एक माह की पौष्टिक आहार किट वितरित की।

यह कार्यक्रम क्षी. कचरूमल रविवसरा, निकिता रविवसरा और डॉ. रूपल कोठारी के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपजिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ. प्रवीण मिसाल अध्यक्ष के रूप में उपस्थित थे, जबकि जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हेमंत पाटिल, तालुका स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर नाईक, इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष डॉ. रूपल कोठारी एवं समाजसेवी कचरूमल रविवसरा और निकिता रविवसरा प्रमुख अतिथि रहे।

कार्यक्रम में 100 क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार किट वितरित की गई। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों और समाजसेवियों ने मरीजों को समझाया कि क्षय रोग के उपचार के साथ-साथ संतुलित और पौष्टिक आहार बेहद आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे यह रोग फैलता है और इसके नियंत्रण हेतु स्वच्छता व नियमित दवा सेवन कितना जरूरी है। इस कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब की सदस्या शोभा बोथरा, वर्षा बोंगीरवार, किरण पारेख, विद्या पेनके, डॉक्टर रेखा नानवटकर, डॉ. विशाल रुईकर, डॉ. हेमंत गोल्हर तथा कई अन्य गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन निदेशक सिद्धार्थ बहाड़े ने किया एवं एटीएस मनोज वरभे ने आभार प्रदर्शन किया। पुरुषोत्तम नांदुरकर, उमेश मेश्राम, प्रशांत जंगथे व अन्य कार्यकर्ताओं का भी सहयोग सराहनीय रहा। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब हिंगनघाट ने संकल्प लिया कि आगामी छह महीनों तक 100 रोगियों को नियमित रूप से पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा।

**निधन वार्ता** | निधन समाचार के नि:शुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

### सुशीलाबाई पाटील



**सावनेर.** शनिवार की शाम सुशीलाबाई भालचंद्र पाटिल का दुखद निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज प्रातः 10:00 बजे उनके निवास स्थान से प्रारंभ होकर कै. राम गणेश गडकरी श्मशानघाट में सम्पन्न होगी।

# मानसिक संतुलन और स्वस्थ जीवन के लिए योग आवश्यक – डॉ. समय बंसोड़

## > पांच दिवसीय योग शिविर का भव्य समापन, योग साधकों का सम्मान

**हिंगनघाट.**




आज के समय में जब तकनीकी प्रगति के साथ जीवन में भागदौड़ बढ़ रही है, वहीं अशांति और मानसिक असंतुलन भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए योग एक प्रभावी साधन है," ऐसा वक्तव्य दिया मानस उद्योग समूह के उपाध्यक्ष तथा राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज विश्वविद्यालय, नागपुर के प्रबंधन सदस्य डॉ. समय बंसोड़ ने। वे आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्देशित पांच दिवसीय योग एवं प्राणायाम शिविर के समापन अवसर पर निखड़े लॉन एवं ऑडिटोरियम, हिंगणघाट में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. बंसोड़ ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह मानसिक, आत्मिक और सामाजिक संतुलन का विज्ञान है। उन्होंने यह भी कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा योग को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत कर भारत ने दुनिया को एक अनमोल उपहार दिया है।

विश्व के 177 देशों द्वारा इसका समर्थन इस बात का प्रमाण है कि योग मानवता के लिए कितनी आवश्यक प्रक्रिया है। इस अवसर पर समुद्रपुर के उपविभागीय अधिकारी विलास नरवटे, नगर परिषद के पूर्व महापौर प्रेम बसंतानी, नारायण मित्र परिवार के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, पूर्व नगरसेविका छाया सातपुते प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में योग शिक्षकों और साधकों का भी सम्मान किया गया। शिक्षक रंजीत जीवने को आयुष इंटरनेशनल मेडिकल एसोसिएट्स द्वारा 'योग रत्न पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया गया।

योग शिविर में भाग लेने वाली विभिन्न योग कक्षाओं ओमसाई, गौरक्षण, शिवराई गार्डन, बिडकर वार्ड, पटवारी कॉलोनी, हनुमान मंदिर, शास्त्री वार्ड, निखाडे भवन और विवेकानंद योग कक्षा के साधकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।योग शिक्षकों विजय धात्रक, राहुल वंजारे, पूर्णिमा धात्रक, प्राची पाचखेड़े, रंजीत जीवने, छाया दविले, शीतल राऊत, नीता दरवरे, सुषमा खोड़े, वर्षा कठुके और सुनीता गंगवार ने पांच दिवसीय शिविर में योग, प्राणायाम, ध्यान और कायिक प्रशिक्षण दिया।

कार्यक्रम का संचालन अभिनव विचार मंच के अध्यक्ष नितिन सुकलकर ने किया तथा आभार प्रदर्शन योग शिक्षक विजय धात्रक ने किया। इस अवसर पर हिंगणघाट शहर के अनेक योग शिक्षक एवं साधक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

यह कार्यक्रम न केवल योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला रहा, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि योग आत्म-ज्ञान, मानसिक शांति और जीवन की गुणवत्ता सुधारने का श्रेष्ठ साधन है।

# 'नशामुक्ति रैली' कामठी पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

## > चंद्रशेखर बावनकुले, सुलेखा कुंभारे, रविंद्र सिंघल, तुषार नातू ने किया मार्गदर्शन

**कामठी.**




नागपुर शहर पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्र सिंघल, परिमंडल पांच के पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम, कामठी विभाग सहायक पुलिस आयुक्त विशाल क्षीरसागर के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति अभियान के तहत नवीन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले व जूना कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े के संयुक्त नेतृत्व में आज शनिवार को सुबह जयस्तंभ चौक में जनजागरूकता रैली सहित शहर के मुख्य मार्गों में अभियान चलाकर नशे के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान राजस्व मंत्री व पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, पूर्व राज्यमंत्री एड.सुलेखा कुंभारे और पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्र सिंघल ने प्रेरणादायक नारों वाले पोस्टर और बैनर के साथ रैली में हिस्सा लिया। रैली में'नशा छोड़ो, सेहत से नाता जोड़ो', 'नशा छोड़ो, जीवन को अपनाओ', 'स्वस्थ समाज की यही है पहचान नशा मुक्त हो हिंदुस्तान' और 'नशा मुक्त भारत, सुंदर भारत' जैसे नारे लगाए जा रहे थे। स्थानीय नागरिकों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं अन्य स्थानों पर आयोजित अभियान में उपस्थित लोगों को नशीली दवाओं, मादक पदार्थों के प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। रैली में राजस्व मंत्री व पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे, तुषार नातू और पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्र सिंघल द्वारा मार्गदर्शन करते हुए लोगों को बताया गया कि नशे की लत लोगों के लिए बेहद खतरनाक है।

नशा समाज को भीतर से कमजोर करता है और युवा पीढ़ी को गुमराह कर देता है। एक नशा मुक्त समाज ही एक स्वस्थ, सशक्त और उन्नत राष्ट्र की नींव रख सकता है। उन्होंने विशेषकर युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें।

रैली का समापन नागरिकों के सहयोग और नशा मुक्ति के संकल्प के साथ हुआ। वैसे यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक प्रेरणास्पद कदम मानी जा रही है। इस रैली में नवीन कामठी थाना वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले, जूना कामठी थाना वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े, यातायात पुलिस निरीक्षक सुनंदा देशमुख, सहायक पुलिस निरीक्षको में मनीष हिवरकर, सचिन यादव, राजकिरन येवले, उपनिरीक्षकों में राहुल साबले, मनीषा जाधव, सुरेश पठाडे, मनीष तिड़के, सागर भंडारी, एस. भीताड़े, आकाश महल्ले, मिलिंद मेश्राम, खुफिया विभाग के अखिलेश राय ठाकुर, अंकित ठाकुर, सूचित गजभिए, शैलेश यादव, रवि सावरकर अन्य पुलिस अधिकारी, पुलिसकर्मी सहित डॉ.राजेंद्र अग्रवाल, अनिल निधान, अजय अग्रवाल, उमेश रड़के, अजय कदम, मंगेश यादव, ब्रह्मा काले, भास्कर भनारे, अहफाज अहमद ठेकेदार, राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल, अनवारूल हक़ पटेल शहर के गणमान्य व आस पास के ग्रामीण उपस्थित रहे।

### व्यसनमुक्ति कार्यक्रम



शनिवार को जयस्तंभ चौक में आयोजित व्यसन मुक्ति कार्यक्रम में डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, पुलिस आयुक्त रवींद्रकुमार सिंघल, पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे, पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम, सहायक पुलिस आयुक्त विशाल क्षीरसागर, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े और अन्य पुलिस अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# मौत के बाद भी नहीं मिलती मुक्ति

## कारंजा के आदिवासी पाड़े में उफनते नाले से करनी पड़ती है अंतिम यात्रा

### > 76 साल बाद भी पुल का इंतजार, प्रशासन अब तक मौन



**कारंजा.**

आज़ादी के 76 वर्ष बीत जाने के बावजूद कारंजा तालुका के सुसुंद्रा हेटी स्थित एक आदिवासी पाड़ा बुनियादी सुविधा—एक पुल—से आज भी वंचित है। यहां के 250 से 300 निवासियों के लिए यह नाला सिर्फ एक जलधारा नहीं, बल्कि रोज़मर्रा की ज़िंदगी की सबसे बड़ी बाधा बन चुका है। यह पाड़ा मुख्य गांव सुसुंद्रा से एक बहते हुए नाले के ज़रिए जुड़ा है। यही रास्ता बच्चों के स्कूल जाने, स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने और यहां तक कि अंतिम संस्कार के लिए श्मशान जाने का भी है। लेकिन बरसात के दिनों में यह नाला उफनता है और जानलेवा खतरा बन जाता है।

**स्कूल जाने वाले बच्चों की जान जोखिम में :** गांव के 20 से अधिक बच्चे प्रतिदिन इसी नाले को पार करके जिल्हा परिषद स्कूल और भाकरे महाराज विद्यालय में पढ़ने जाते हैं। लेकिन मानसून के दौरान ये बच्चे महीनों तक स्कूल नहीं जा पाते।

अगर छुट्टी के वक्त नाले में पानी बढ़ गया, तो बच्चों को कई घंटे बाहर ही इंतज़ार करना पड़ता है। इस दौरान माता-पिता की सांसें थमी रहती हैं। यह रोज़मर्रा की जद्दोजहद अब आदत बन गई है, लेकिन इसके पीछे छिपा डर कभी कम नहीं हुआ।

### शव लेकर नाला पार करना एक कड़वी सच्चाई

इस गांव की सबसे बड़ी पीड़ा तब सामने आती है, जब किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है। परिजनों के लिए सबसे बड़ी चिंता यह नहीं होती कि अंतिम संस्कार कैसे किया जाएगा, बल्कि यह होती है कि शव को श्मशान तक कैसे पहुंचाया जाएगा। बरसात के मौसम में उफनते नाले को पार कर शव ले जाना गांववालों के लिए किसी नरक-यातना से कम नहीं।

**गांव के लोग अब कहते हैं**

**'काश! बारिश में किसी की मौत ही न हो!'**

**प्रशासनिक चुप्पी बनी पीड़ा की वजह**

स्थानीय निवासियों ने वर्षों से पुल की मांग को लेकर प्रशासन से गुहार लगाई है। तहसील कार्यालय, जनप्रतिनिधि और सरकारी विभागों से संपर्क किया गया, लेकिन अब तक किसी ने इस दिशा में कदम नहीं उठाया। सरकार की यह बेरुखी अब एक गंभीर संवैधानिक विफलता बन चुकी है।

**जिम्मेदार कौन? अब सवाल यह है:**

**क्या इन बच्चों की शिक्षा बाधित होने की ज़िम्मेदारी शासन की नहीं है? क्या मृत्यु के बाद भी चैन न मिलना किसी भी सरकार के लिए शर्मनाक नहीं है?**

**क्या यह विकास के नाम पर सिर्फ कागज़ी दावे नहीं हैं?**

**अब नहीं, तो कब?**

**सरकार और प्रशासन की आंखें कब खुलेंगी?**

**क्या यह पाड़ा हमेशा के लिए उपेक्षा और असंवेदनशीलता का शिकार बना रहेगा?**

**या फिर इस बार कोई कदम वास्तव में उठाया जाएगा?**

# हनुमान लोक में गर्भगृह निर्माण और गौसेवा प्रकल्प का नया अध्याय

**सौंसर.**



श्रद्धा और सेवा के समन्वय का प्रतीक, चमत्कारिक हनुमान मंदिर संस्थान (हनुमान लोक), जामसांवली, अब एक नए अध्याय की ओर अग्रसर है। मंदिर के भव्य गर्भगृह निर्माण एवं सर्वसुविधायुक्त गौसेवा प्रकल्प के पावन भूमिपूजन हेतु मंदिर प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास, समत्व भवन में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आत्मीय भेंट कर उन्हें समारोह में मुख्य यजमान के रूप में सहपरिवार आमंत्रित किया। संस्थान के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से करबद्ध निवेदन करते हुए अनुरोध किया कि वे अपने कर-कमलों से इस पवित्र भूमिपूजन को संपन्न कर कार्यक्रम को गरिमामयी बनाएं। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम आगामी माह जामसांवली में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संस्थान की भावनाओं की सराहना करते हुए इस पुण्य कार्य में सम्मिलित होने का दृढ़ आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस आध्यात्मिक अवसर पर अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज कराएंगे। इस महत्वपूर्ण शिष्टाचार भेंट के अवसर पर पूर्व मंत्री नाना भाऊ मोहोड़, भाजपा पांढुर्णा जिला अध्यक्ष एवं संस्थान ट्रस्टी संदीप मोहोड़, संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष डवरे, सह-कोषाध्यक्ष मनोहर डवरे, ट्रस्टी मोहन ताजने तथा सुशील माहेश्वरी उपस्थित रहे।

संस्थान को विश्वास है कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति से यह कार्यक्रम न केवल क्षेत्रवासियों के लिए एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक क्षण बनेगा, बल्कि जामसांवली की पावन भूमि पर आध्यात्मिक और सामाजिक सेवा के एक नए युग की शुरुआत भी होगी।

# धारनी में उत्साह से मनाया गया योग दिवस



**राजेश मालवीय**

**अमरावती.** मेलघाट की प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर धारनी शहर में 21 जून 2025, शनिवार को सुबह जिला परिषद हाईस्कूल के मैदान में भारतीय जनता पार्टी अमरावती ग्रामीण की ओर से योग दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व विधायक, वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, तथा धारणी तालुका के सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक द्वारा सभी को विभिन्न प्रकार के योगासन सिखाए गए। साथ ही, धारणी न्यायालय में तालुका विधि सेवा समिति द्वारा भी न्यायाधीश महोदय, समस्त न्यायालयीन कर्मचारी और वकील संघ ने उत्साहपूर्वक सुबह योग दिवस मनाया। आज सुबह धारणी शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों के सभी सामान्य नागरिकों ने भी इस योग दिवस कार्यक्रम में भाग लिया, और पूरा धारनी शहर योगमय हो गया।

# उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## > 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम

**राजेश मालवीय**



**अमरावती.** आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली और जिला प्रशासन, अमरावती के संयुक्त तत्वावधान में आज विभागीय खेल संकुल में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस वर्ष की वैश्विक थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' के अनुसार इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। विभागीय खेल संकुल के इंडोर सभागार में विधायक संजय खोडके, विभागीय आयुक्त श्वेता सिंघल और जिलाधिकारी आशीष येरेकर उपस्थित थे। विधायक संजय खोडके ने कहा कि आज पूरा विश्व योग को अपना चुका है। तनावमुक्त, भयमुक्त और स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास और व्यायाम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विभागीय क्रीड़ा संकुल की सुविधाएं अत्याधुनिक बनाने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। विभागीय आयुक्त श्वेता सिंघल ने योग की प्राचीन परंपरा और उसकी आज की पारंपरिक पद्धतियों से प्रचलन की जानकारी देते हुए, योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने योग दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। जिलाधिकारी येरेकर ने योग साधकों से नियमित योग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग प्राचीन भारतीय संस्कृति की अमूल्य देन है, जिससे व्यक्ति को आंतरिक और बाह्य रूप से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है और दीर्घायु जीवन मिलता है।

योग दिवस की शुरुआत 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिये गए भाषण के बाद हुई थी। तब से योग दिवस का महत्व वैश्विक स्तर पर फैल गया है। पिछले 11 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है और विश्वभर में योग का प्रचार-प्रसार हो रहा है। इस योग दिवस का आयोजन जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग, महानगरपालिका, जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय, उपसंचालक क्रीड़ा व युवक सेवा, अमरावती विभाग, श्री श्री रविशंकर की आर्ट ऑफ लिविंग संस्था, शारीरिक शिक्षक संघ, नेहरू युवा केंद्र, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, युवा भारत, किसान पंचायत, वंदे मातरम् योग प्रसारक मंडल, जिले की विभिन्न योग संस्थाएं, क्रीड़ा संगठन एवं मंडलों के सहयोग से सफलतापूर्वक किया गया।

कार्यक्रम की रूपरेखा पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रदीप शेट्टीये ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर ईश्वरी गांजरे नामक बालिका द्वारा बनाई गई योग विषयक रंगोली की सराहना की गई और उसे अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। उद्घाटन के पश्चात अतिथियों को योग संबंधी पुस्तकें और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी गणेश जाधव, शिक्षण अधिकारी प्रिया देशमुख, नेहरू युवा केंद्र की स्नेहल बासुतकर, मोटवानी तथा योग क्षेत्र के अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# सौंसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक संपन्न

**सौंसर.**

'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की थीम पर आधारित 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शुक्रवार को सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, सौंसर में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भूतपूर्व शिक्षा मंत्री नाना भाऊ मोहोड़ एवं सहायक संचालक रश्मि कुसरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विद्यालय की प्राचार्य शैलजा बत्रा एवं उप प्राचार्य संजय गवनेकर के नेतृत्व तथा क्रीड़ा प्रभारी वंदना देशभ्रतार और दिलीप विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस अवसर पर विशाखापट्टनम से सीधे प्रसारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग दिवस संबोधन को सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने ध्यानपूर्वक सुना और योग तथा प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में नियमित रूप से शामिल करने का संकल्प लिया। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक सुभाष कलंबे, हितेश गणोरकर, संजय पडोले, देशमुख सर, आलोक सर, प्रभु कौराइत, अनुराधा परिहार, प्रतिमा कुमरे, वैशाली कोरडे, कल्पना मानकर, नलिनी खंडाईत, चारू सालोटकर सहित समस्त शाला स्टाफ ने सहभागिता की। यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश लेकर आया, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, एकाग्रता और सकारात्मक जीवन शैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम साबित हुआ।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 258-5 | 560-1 |
| श्रीदेवी नाईट | 469-9 | 367-6 |

# समाजसेविका अंबिका हिंगमीरे बदलाव की एक प्रभावशाली आवाज'

**इमरान दाऊदी, बिज़नेस हेड**



**नागपुर.** समाज की सेवा करना एक साधारण कार्य नहीं, बल्कि एक सतत् संकल्प है। वर्धा की युवा समाजसेविका 'अंबिका हिंगमीरे' ने इस संकल्प को न केवल अपनाया, बल्कि उसे अपनी जीवन यात्रा का ध्येय बना लिया है। बीते पांच वर्षों से अंबिका सोशल फाउंडेशन के माध्यम से वे समाज के कई ज्वलंत मुद्दों पर सक्रियता से कार्य कर रही हैं, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और मानवाधिकार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं।

**'समर्पण की प्रेरक कहानी' :** बचपन से ही अंबिका हिंगमीरे का झुकाव समाज सेवा की ओर था। कॉलोनी में बुजुर्गों की मदद करना हो या ज़रूरतमंद बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करना — समाज के लिए कुछ करने की भावना उनके भीतर हमेशा से थी। यही संवेदनशीलता उन्हें आज हजारों लोगों के बीच एक भरोसेमंद नाम बनाती है। उनकी नेतृत्व क्षमता, मेहनत और सामाजिक सरोकारों के प्रति निष्ठा ही उन्हें एक वास्तविक जनसेविका बनाती है।



**'महिलाओं के हक की मजबूत आवाज' :** अपने सामाजिक कार्यों के दौरान अंबिका हिंगमीरे ने देखा कि आज भी समाज में कई महिलाएं आर्थिक, मानसिक और सामाजिक चुनौतियों का सामना कर रही हैं। उन्होंने महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम शुरू किए, ताकि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान की ओर अग्रसर हो सकें। वे मानती हैं कि "जब एक महिला सशक्त होती है, तब पूरा परिवार और समाज मजबूत होता है।"

### 'जन-जागरूकता के लिए विविध पहल'

उनकी संस्था द्वारा समय-समय पर अनेक अभियान चलाए जाते हैं, जैसे:

- स्कूली बच्चों के लिए शैक्षिक सहायता
- ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच शिविर
- स्वच्छता अभियान और हरित वृक्षारोपण कार्यक्रम
- नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना
- युवाओं को नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए प्रेरित करना

इन अभियानों ने न केवल समस्याओं को उजागर किया, बल्कि समाधान के द्वार भी खोले हैं।

- 'दृष्टिकोण सेवा से सामाजिक परिवर्तन तक'

### अंबिका हिंगमीरे का स्पष्ट कहना है

'मैं केवल सहायता नहीं करना चाहती, मैं समाज में स्थायी बदलाव लाना चाहती हूं। मेरी कोशिश है कि हर नागरिक को उसका अधिकार मिले और हर व्यक्ति गरिमा से जी सके।' वे यह भी मानती हैं कि समाज सेवा केवल बड़े मंचों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि आम लोगों के बीच रहकर, उनकी बात सुनकर, उन्हें समझकर ही सच्ची सेवा की जा सकती है।

### 'आने वाले वर्षों की योजना'

अंबिका हिंगमीरे का उद्देश्य आने वाले समय में और अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच बनाना है। वे युवाओं और महिलाओं के लिए स्वरोजगार और हुनर विकास कार्यक्रम शुरू करने की योजना पर कार्य कर रही हैं। साथ ही वे जनभागीदारी से स्थानीय प्रशासनिक सुधारों में सक्रिय भूमिका निभाना चाहती हैं।

**'संपर्क जानकारी'**

**मोबाइल नंबर 98092 64264**

**ईमेल [ambika98hingmire@gmail.com]**

